CNews सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-208
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

# बिहार सिटी चीफ



सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, सोमवार 04 नवम्बर 2024

**सुविचार**

वही उन्नति करता है जो स्वयं अपने को उपदेश देता है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पूजा करने पहुंचे मंदिर बीजेपी के पूर्व सांसद के पैर छूकर लिए आशीर्वाद



**पटना,** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भाजपा नेता व पूर्व सांसद के पैर छुए हैं। नीतीश कुमार रविवार को पटना के आदि चित्रगुप्त मंदिर में चित्रगुप्त की पूजा-अर्चना करने पहुंचे और भगवान चित्रगुप्त मंदिर में पूजा-पाठ किया। यहां उनके साथ बिहार के मंत्री और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। इस मौके पर भाजपा नेता पूर्व सांसद आरके सिन्हा ने नीतीश कुमार को मंच पर बुलाकर स्वागत किया।

**आरके सिन्हा का छुआ पैर** पूर्व सांसद आरके सिन्हा ने मंच से कहा कि पटना के चित्रगुप्त मंदिर निर्माण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का बड़ा सहयोग रहा है और मंदिर का इन्हीं के द्वारा कायाकल्प किया गया। आगे कहा कि 20 साल पहले मंदिर जिस स्थिति में थी कोई सोच नहीं सकता था। लेकिन नीतीश ने कहा कि इसे ठीक करो और यह हो गया। आरके सिन्हा के इतना कहने के बाद सीएम नीतीश कुमार उनके पास गए और आरके सिन्हा का पैर छूकर आशीर्वाद लिए। ये पूरा नजारा देखकर हर कोई चौंक गया कि ये क्या हो रहा है। इस दौरान आरके सिन्हा ने भी उन्हें रोका।

**मंदिर में पूजा करने गए थे नीतीश** बता दें कि चित्रगुप्त पूजा के अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना सिटी स्थित आदि चित्रगुप्त मंदिर नोजर घाट पर एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस कार्यक्रम का आयोजन भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद आरके सिन्हा द्वारा आयोजित किया गया था।

**पीएम मोदी के छूने लगे थे पैर** गौरतलब है कि इससे पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एनडीए की संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पैर छूने की कोशिश की थी। उस दौरान विपक्षी पार्टियों ने सीएम नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला था।

## बीपीएससी शिक्षक बना रहे थे अश्लील गाने पर रील

### रोका तो नियोजित शिक्षक को पीटा



विद्यालय में दो शिक्षकों में आपत्तिजनक हरकत करने का विरोध करने पर नोंक-झोंक होने लगी। देखते ही देखते मामला मारपीट तक पहुंच गया। लड़ने वाले शिक्षकों में एक नियोजित, जबकि दूसरा बीपीएससी शिक्षक थे। इस घटना में नियोजित शिक्षक उदय मेहता घायल हो गये, जिन्हें अन्य शिक्षकों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। मामला सहरसा जिले के बनमा ईटहरी प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय महारस की है। घायल नियोजित शिक्षक उदय मेहता ने थाना में आरोपी बीपीएससी शिक्षक के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

**अश्लील वीडियो बनाने का विरोध किया तो हो गई मारपीट** घटना के संबंध में घायल शिक्षक उदय कुमार ने बताया कि वह बनमा ईटहरी प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय महारस में पदस्थापित हैं। तीन बजे पढ़ा कर क्लास रूम से बाहर निकले तो शिक्षक विकास भगत अश्लील वीडियो पर रील्स बना रहा था। यह देखकर उदय कुमार ने विकास भगत के इस हरकत का विरोध किया। इसी बात पर आरोपी विकास भगत रॉड लेकर आया और उन्हें गाली गलौज करते हुए सिर पर वार कर दिया। सिर पर चोट लगते ही उदय कुमार जमीन पर गिर पड़े। दोनों शिक्षकों में मारपीट होते देख विद्यालय के अन्य शिक्षक और कर्मी उधर दौड़कर आये और घायल शिक्षक उदय कुमार को अनुमंडलीय अस्पताल ले गये और उन्हें भर्ती कराया। उन्होंने बताया कि मामले को लेकर स्थानीय थाना में आवेदन भी दिया था।

**शिक्षकों पर की गई कार्रवाई** इस मामले में जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार ने बीपीएससी शिक्षक विकास कुमार भगत को निलंबित कर दिया है। वही घायल नियोजित शिक्षक उदय मेहता पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा की है। डीईओ कार्यालय द्वारा जारी पत्र में डीईओ अनिल कुमार ने कहा है कि विद्यालय अवधि में दो शिक्षक आपस में मारपीट कर लिए थे, जिसमें एक शिक्षक उदय मेहता का सिर फट गया था। घायल शिक्षक को प्रभारी प्रधानाध्यापक ने अस्पताल पहुंचाया। इनका यह आचरण बिहार सरकारी सेवक नियमावली के प्रतिकूल है। विकास कुमार विद्यालय अध्यापक उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय महारस अंचल बनमा ईटहरी को बिहार राज्य अध्यापक (नियुक्ति, स्थानांतरण,अनुशासनिक कार्यवाही एवं सेवाशर्त्त) संशोधन नियमावली 2024 नियम 14 के तहत पत्र निर्गत के तिथि से निलंबित करते हुए विभागीय कार्यवाही संचालित करने का संकल्प लिया जाता है। निलंबन अवधि में इनका कार्य प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय महिषी निर्धारित किया गया है। निलंबित अवधि में निलंबित शिक्षक विकास कुमार भगत को सिर्फ जीवन निर्वाहन भत्ता नियमानुसार देय होगा। जबकि मारपीट में जख्मी एक शिक्षक उदय कुमार पर कार्रवाई के लिए प्रखंड नियोजन इकाई को अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए अनुशंसित किया है।

## जदयू पर बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने किया पलटवार

### कहा – लालू प्रसाद बीमार हैं, आपके सीएम नीतीश कहां हैं?



बक्सर, बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने जनता दल यूनाईटेड के सवालों का जवाब दिया है। रामगढ़ में उपचुनाव का प्रचार करने पहुंचे राजद सांसद ने कहा कि हमारे नेता लालू प्रसाद स्वास्थ्य कारणों से घोषित रूप से इलाजरत हैं। अभी तत्काल में उनकी बाईपास सर्जरी हुई है। उनके स्वास्थ्य के बारे में जनता जानती है। लेकिन, जदयू को पता नहीं है। जदयू कोई पार्टी नहीं है। जदयू अब बटोरूआ पार्टी बन गई है। सत्ता लोभी सब एक पागल को लेकर करके एक घंटा के लिए निकलता है। वह भी कभी-कभी। उनके नेता अभी तक चुनाव में नहीं दिखे हैं। वह तो बिहार के मुख्यमंत्री हैं। उन्हें तो सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि जदयू वालों से पूछना चाहिए कि उपचुनाव में अब तक उनके नेता नहीं दिखे। उनके नेता चंद नौकरशाह और कैबिनेट मंत्रियों की कैद में अघोषित रूप हैं। उनको चंगुल से बाहर कैसे निकालें, यह बिहार की जनता सोच रही है। इस बार उनका इलाज कर देगी। दरअसल, जदयू ने तंज कसा था कि राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को नजरबंद कर दिया गया है। वह कैद हैं इसलिए बाहर नहीं निकल रहे हैं।

**आज तक तो आएसएस के लोगों ने माफी नहीं मांगी** वहीं केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के जब तक सनातन बहुमत में है तब तक लोकतंत्र मजबूत है वाले बयान पर सुधाकर सिंह ने कहा कि यह लोग लोकतंत्र विरोधी हैं। यह आरएसएस, गोवलकर और सावरकर के वंशज हैं। ये लोग भी लोकतंत्र विरोधी थे। देश की आजादी के खिलाफ थे। आज तक तो आएसएस के लोगों ने माफी नहीं मांगी। 2007 में सुप्रीम कोर्ट के दबाव में आकर अपने मुख्यालय पर तिरंगा फहराया। देश की जनता ने जब डोज दे दिया है तो इनको लोकतंत्र याद आ रहा है। नहीं तो ये तो कह रहे थे कि हम संविधान बदलेंगे। इसके लिए वह 400 पार का नारा लगा रहे थे। लेकिन परिणाम क्या हुआ यह जनता देख रही है।

**रामगढ़ हमेशा समाजवादियों का गढ़ रहा है** रामगढ़ में उपचुनाव को लेकर सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि कोई गलती से 50 या 70 साल में एक दो बार जीता होगा। रामगढ़ हमेशा समाजवादियों का गढ़ रहा है और यहां न्याय, ईमानदारी और विकास पर वोट पड़ता है। इसी एजेंडा पर कोई मुकाबले में नहीं है। रामगढ़ हमेशा ईमानदार और न्याय पर रहने वाले लोगों को वोट देता है।

## कटिहार के किसानों को सरकार देने जा रही बड़ी सौगात



कटिहार, कटिहार जिले में सब्जी खेती को बढ़ावा देने के लिये सरकार सब्जी खेती पर किसानों को अनुदान दे रही है। जिला उद्यान विभाग द्वारा सब्जी खेती व बीज मशाला उत्पादन को लेकर योजना चला रही है। विभाग द्वारा सब्जी विकास योजना के तहत हाइब्रिड सब्जी खेती को लेकर किसानों को प्रति सब्जी के पौधे पर अनुदान भी देगा।जिसमें फूल गोभी,बंदा गोभी,ब्रोकली,शिमला मिर्च की खेती के लिये विभाग द्वारा लक्ष्य दिया गया है। जिला उद्यान विभाग द्वारा किसानों से ऑनलाईन आवेदन भी लिया जा रहा है। विभाग द्वारा किसानों को बेहतर गुणवत्ता के सब्जी के पौधे दिया जायेगा।

**सब्जी खेती पर मिलेगा इतना अनुदान** जिले में विभागीय नर्सरी में तैयार सब्जी के पौधे को किसानों को उपलब्ध कराया जाएगा। जिला उद्यान विभाग द्वारा तैयार सब्जी के पौधे की कीमत तीन रुपये प्रति पौधे है। जबकि किसानो को प्रति पौधे दो रूपये पच्चीस पैसे अनुदान देकर 75 पैसे प्रति पौधे की दर से दिया जायेगा।

**बीज मशाला योजना का लक्ष्य** जिला उधान विभाग द्वारा बीज मशाला योजना के तहत पहली बार विभाग द्वारा जिले को लक्ष्य दिया गया है। जिले में राज्य योजना अन्तर्गत बीज मशाला योजना के तहत धनिया ,मेंथी तथा मिर्च खेती को के लिये जिले को 15 हेक्टेयर लक्ष्य दिया गया है। इस योजना के तहत प्रति हेक्टेयर किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान दिया जायेगा।

**सब्जी की खेती करने के दौरान इन बातों का रखें ध्यान** सब्जी की खेती करने के दौरान कई महत्वपूर्ण बातों का ध्यान रखना आवश्यक है। मिट्टी की तैयारी, बीज का चयन, सिंचाई और उर्वरकों का उपयोग महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा, मौसम और जलवायु के अनुसार सब्जी का चयन करना भी आवश्यक है।

**सब्जी की खेती में मुनाफा कई कारकों पर निर्भर करता है, जैसे कि-** सब्जी का चयन- मांग वाली सब्जियों का चयन करना मुनाफे के लिए महत्वपूर्ण है।

मिट्टी और जलवायु- उपयुक्त मिट्टी और जलवायु में उगाई गई सब्जियों की गुणवत्ता और उत्पादन बढ़ता है।

बीज की गुणवत्ता- अच्छी गुणवत्ता वाले बीजों का उपयोग करने से उत्पादन बढ़ता है।

सिंचाई और उर्वरकों का उपयोग- सही मात्रा में सिंचाई और उर्वरकों का उपयोग करने से उत्पादन बढ़ता है।

बाजार की मांग- बाजार की मांग के अनुसार सब्जी का उत्पादन करने से मुनाफा बढ़ता है।

उत्पादन लागत- कम उत्पादन लागत और अधिक बिक्री मूल्य से मुनाफा बढ़ता है।

सब्जी की खेती में मुनाफे के लिए कुछ आम अनुमान हैं

टमाटर- 50,000 से 1,00,000 रुपये प्रति एकड़

प्याज- 30,000 से 60,000 रुपये प्रति एकड़

आलू- 40,000 से 80,000 रुपये प्रति एकड़

मिर्च- 20,000 से 40,000 रुपये प्रति एकड़

बंदगोभी- 15,000 से 30,000 रुपये प्रति एकड़

## सीतामढ़ी जिले में भाजपा नेता पर गोलीबारी... अस्पताल में भर्ती, हालत गंभीर



बैरगनिया (सीतामढ़ी), बिहार के सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया प्रखंड के भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष जयप्रकाश निराला को घात लगाकर बैठे अपराधियों ने गोली मारकर गंभीर रुप से घायल कर दिया।बताया गया है कि भाजपा नेता जयप्रकाश बैरगनिया बाजार स्थित अपने कपड़े की दुकान से रविवार की रात्रि अपने घर परसौनी जा रहे थे। रास्ते में बखरी गांव के पास उन पर कई राउंड गोलियां चलाई गईं। इस दौरान एक गोली उनके बाएं बाजू पर लगी और वे गंभीर रुप से घायल हो गए। गोलियों की आवाज से पूरा इलाका गूंज उठा और लोगों में दहशत फैल गई।

**बाजू में लगी गोली** भाजपा नेता को गोली लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों एवं उनके परिजनों ने उन्हें उठाकर सीतामढ़ी डॉ. अरुण कुमार के पास ले जाकर इलाज कराया। बताया गया है कि बाजू में लगी गोली निकाल दी गई है। और अब वे खतरे से बाहर है। घटना की सूचना पर रीगा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मोतीलाल प्रसाद व भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष प्रदीप कुमार इलाजरत जयप्रकाश निराला के पास पहुंचकर हालचाल जाना।

**पुराने विवाद में वारदात** भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि पूर्व विवाद को लेकर उनके गांव परसौनी के ही कुछ लोगों ने साजिश रचकर जान मारने की नीयत से उन पर गोली चलाई है।

**अभी नहीं दी लिखित शिकायत** बैरगनिया थाना पुलिस नर्सिंग होम में भाजपा नेता का कुशल क्षेम जानने पहुंची थी। साथ में बैरगनिया के क्षेत्रीय विधायक मोतीलाल प्रसाद भी थे। एसडीपीओ राम कृष्णा ने ही घटना की पुष्टि की। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वजन का कहना है कि भाजपा नेता पर उनके ही पूर्व व्यावसायिक पार्टनर लक्ष्मी प्रसाद ने हीं गोली चलवाई है। हालांकि इस बात की अभी लिखित शिकायत नहीं मिली है। जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। पुलिस घटना की जांच में जुटी है।

**पटना में होटल मालिक की हो चुकी हत्या** बिहार में अपराधी बेखौफ हैं। कुछ दिन पहले राजधानी पटना में एक होटल मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना पीरबहोर थाना क्षेत्र के कुतुबुद्दीन लेन की थी। रविवार को दोपहर साढ़े तीन बजे वारदात को अंजाम दिया गया। होटल मालिक को बदमाशों ने पांच गोलियां मारी थीं। होटल मालिक की पहचान शकील मलिक के तौर पर हुई थी। वह मूलतः जहानाबाद के बघवारा का रहने वाला था। जानकारी के मुताबिक 20 लाख रुपये की रंगदारी न देने पर बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया।